BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# प्रसिद्धि पाने के भाव से कथा करवाने से इसका प्रभाव निष्फल हो जाता है : मुरलीधर महाराज

## श्रीरामकथा में प्रासंगिक प्रवचनों ने भक्तों को किया उत्साहित
## श्री गोपाल गौशाला के सहयोग के लिये आगे आए कई गौभक्त
## भावपूर्ण तार्किक प्रस्तुति से भक्तजन रामभक्ति में हुए लीन



**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाग्यनगर में श्री गोपाल गौशाला के सहायतार्थ नुमाईश मैदान में आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिन भक्तजनों में अद्भुत उत्साह देखा गया। भारी संख्या में जनसमुदाय राम कथा श्रवण के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। कथावाचक मुरलीधर महाराज ने जनकपुर में बारात विश्राम और विदाई कार्यक्रम एवं अयोध्या आगमन का वर्णन किया। सभी मार्मिक प्रसंगों का संक्षिप्त वर्णन किया गया। जिसका श्रोताओं ने भरपूर आनंद उठाया। अयोध्या में बारात आगमन पर माताओं की मनोदशा और राजमहल के अंदर और बाहर के वातावरण का सजीव वर्णन सुनकर भक्तजन मंत्रमुग्ध हो गए। भक्ति के रस में डूबे भक्तजन आनंदित होकर झूमते रहे। मनोरंजक भाव से बताए गये जीवन के सूत्रों को भक्तजन आत्मसात करके संतुष्ट हुए।

कथावाचक मुरलीधर महाराज ने प्रवचन में बताया कि जनकपुर में लंबे समय तक श्री राम जी की बारात रुकी रही और अंतत: दशरथ जी के बार बार अनुरोध करने पर ही जनक जी ने बारात को विदा किया और बाराती अयोध्या वापस आये। जहां राजमहल में तीनों माताएं अत्यंत प्रसन्न हुईं। महराज ने मनोरंजक भाव में बताया कि माताएं यदि अपनी बहु से बिना जली गरम-गरम रोटी खाना चाहती हैं तो उसके पीहर की बड़ाई करती रहना। महराज जी कहते हैं कि दशरथ जी तीनो रानियों को समझाते हुए कहते हैं कि ये बहुएं अपना मायका छोड़कर आई हैं। इन्हे ऐसे रखना कि इन्हे कभी मायके की याद न आये। उन्होंने समझाते हुए कहा कि दशरथ जी ने जो कहा है इसका घर के प्रत्येक मुखिया को ध्यान रखना चाहिए।

बेटे का विवाह करके किसी की बेटी को घर लाने से उत्तरदायित्व समाप्त नहीं हो जाता। घर के मुखिया को ध्यान रखना चाहिए और विशेष रूप से अपनी घरवाली पर कि मेरी पत्नी मेरी बहू के साथ कैसा व्यवहार करती है। पर अक्सर होता है कि बहू की गलती तो बूढ़े को दिखती है लेकिन घरवाली की गलती नहीं दिखती है। जिस दिन घरवाली की गलती समझ में आ जाये उस दिन बहू कभी बहू रहेगी नहीं बेटी बन जायेगी। बहू,बहू बनकर तब रहती है जब सास बेटी और बहू में अंतर करती है। महराज जी ने कहा कि अपनी बेटी को ब्याह करके ससुराल भेजा किसी की बेटी को घर ले आये तो जिस बहू को घर लाये उसको अपनी बेटी से भी अधिक प्रेम करें। लेकिन ऐसा होता नहीं है । अगर ऐसा कर ले तो कोई भी बहू घर से अलग न हो लेकिन हमारे समाज ने नाम भी विचित्र दिया है सासू। सासू का अर्थ पता है क्या है जिसका नाम सुनते ही सांस सूख जाये वो है सासू। पर अभी वो नहीं है। अभी तो बहू का नाम सुनकर सास की सांस सूख जाती है।

आगे बताते हुए महाराज ने कहा रात्रि अधिक होने पर दशरथ जी विश्राम को चले गये और माता कौशल्या ने रामजी को कहा बेटा एक बात कहूं। तो राम जी ने कहा कहो मां। तो माता ने कहा कि मैने बचपन से तुम्हे खिलाया नहलाया लेकिन तुम्हारे पैरों में ऐसा क्या है कि इसे छूते ही एक शिला नारी बन गई ? तुम तो अत्यंत कोमल हो और जिस धनुष को रावण बाणासुर जैसे राक्षस हिला नहीं पाये तुमने कैसे उसे उसे उठाकर तोड़ दिया। कोई साधारण मानव का काम तो नहीं है ये। ये तो अमानुष का काम है। तब रामजी ने कहा कि मां इसमें मेरा कुछ नहीं है। माता ने कहा कि आज मेरा जीवन जनम सफल हो गया। आज मै तुमसे कुछ मांगती हूं। रामजी ने कहा माँ आदेश करें। तो मां ने कहा नहीं मैं तुमसे कुछ मांगती हूं क्योंकि मै जानती हूँ की तुम कौन हो। तुम तो अखिल ब्रम्हांड के अधिपति हो और इस ब्रम्हांड के ब्रह्मा भी तुम्हारे आधीन हैं तो इस ब्रह्मांड के ब्रम्हा से कहना कि जीवन के जितने दिन तुम्हें बिना देखे गये वो जीवन के दिन हमारे लिखे नही जाने चाहिए। मुरलीधर महाराज ने कहा कि जब किसी से पूछा जाता है कि तुम्हारे जीवन के कितने दिन हो गये तो कोई कहता है पचास वर्ष कोई कहता है साठ वर्ष लेकिन जीवन के सच्चे दिन तो वो हैं जब भगवान से प्रीति हो जाती है । और जब ऐसा पूछा जाता है तो कोई कहता है दो साल, कोई कहता है अभी शुरू हुआ है। अभी प्रेम हुआ नहीं है अभी प्रयास कर रहे हैं तो इसका मतलब जनम अभी शुरू कहा हुआ। इसी बीच एक दृष्टांत का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि बहू खड़ी थी आंगन में एक महात्मा आए उन्होने कहा बेटी भिक्षाम देहि तो बहू भिक्षा लेके आयी। तो महात्मा जी ने पूछा बहू तुम्हारी आयु कितनी है तो बहू ने कहा बारह वर्ष। महात्मा ने पूछा तुम्हारी सास की तो बहू ने कहा छः वर्ष तो महात्मा ने पूछा और तुम्हारे ससुर की तो उसने कहा कि अभी जन्म हुआ ही नहीं। सास इस संवाद को सुन रही थी उसने कहा तेरा दिमाग खराब है तेरी आयु 12 वर्ष और मेरी आयु छः वर्ष बताई और ससुर को कह दिया कि उसका जन्म हुआ ही नहीं तो तेरा पति कहां से आया। मै किससे ब्याही। तो समझदार बहू ने कहा मां मुझसे उन्होंने पूछा, उसको मैंने बता दिया और वे समझ गये। तो सास ने कहा कि मुझे भी तो समझा तो बहू ने कहा कि जब मै आठ वर्ष की थी तो सत्संग में जाने लगी और मुझे प्रभु में प्रेम हुआ उस हिसाब से बीस वर्ष की आयु में मेरी प्रभू भक्ति की आयु हुई 12 वर्ष और जनम तो वही है जब प्रभु मं प्रेम हो जाये। इसीलिए मैंने अपनी आयु 12 वर्ष बताई । मेरा ब्याह हुए चार वर्ष हुए और पति बताते हैं कि आप दो वर्ष पूर्व से घर में रहती ही नहीं थीं मंदिरों में घूमती रहती हैं। पूजा भजन में लीन रहती हैं। तो इस आकलन से आपकी आयु हुई छः वर्ष और ससुर जी ने कभी माला हाथ में लिया ही नहीं तो जनम हुआ ही नहीं उनका। आपकी आयु कितनी है ये महत्व नहीं रखता है महत्व ये रखता है कि आपने भजन कबसे आरंभ किया है। अगर आपको ये समझ में नहीं आये कि आपका जन्म किसलिए संसार में हुआ है इससे बड़ा अभागा संसार में हो नहीं सकता है। क्योंकि संसार में सब कुछ मिल जाता है लेकिन मनुष्य शरीर मुश्किल से मिलता है। उन्होंने बताया कि मनुष्य जन्म ही पुरुषार्थ करने के लिए है बाकि सभी योनियां तो भोगने के लिए हैं। तो एक बार चौरासी लाख योनियों के चक्कर में फंस जाओगे तो घूमते रहोगे। इसलिए मानस के उत्तरकांड में राम जी कहते हैं अपने अवध के लोगों से कि बडे भाग्य से मनुष्य शरीर मिलता है जो देवताओं को भी दुर्लभ है ऐसा ग्रंथ गाते हैं। वेद गाते हैं और ये मनुष्य शरीर है क्या ? ये साधन है मुक्ति पाने का। और जिसने ये शरीर पाके इसका महत्व समझा उसने अपना परलोक सुधार लिया । मुरलीधर महाराज ने आगे कहा कि मै नहीं कहता कि पुरुषार्थ मत करों । पुरुषार्थ करों क्योंकि अर्थ कमाए बिना रह नहीं सकते, पर जीवन में अर्थ ही है ऐसा नहीं है। हाथ से कर लो घर का काम और मुख से भज लो सीताराम। महराज ने कहा कि कभी कभी विचित्र घटनाएं हो जाती हैं। मै सुबह घूमने जाता हूं तो मार्ग में एक 75 वर्ष आयु के बूढ़े जा रहे थे उनके जेब में जो मोबाइल था उसमें जो गाना बज रहा था कि सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था आज भी है और कल भी रहेगा उन्होंने बताया कि मै वैसे तो मुड़कर देखता नहीं हूं लेकिन मैंने मुड़कर देखा तो मन में सोचा कि कब चले जाये पता नहीं है लेकिन अभी भी प्यार निकला नहीं है। फिर मन में सोचा कि घरवाली गुजर गई होगी तो उसके विरह में गाने बजा रहा है। लेकिन मोबाइल में गाने बजा रहा है उसकी जगह गीता के श्लोक या मानस की चौपाई बजाता या कीर्तन चलाता तो भगवान में मन तो लगता। अभी कई युवा बैठे हैं जिन्होने जीवन में कुछ देखा नहीं है अभी सब कुछ छोड़कर झोला लेके हमारे साथ घूमते हैं। वे सब पढ़े लिखे हैं हाइली एजुकेटेड हैं मैं उनको समझाता हूं कि जाओ आप अपना काम करों। लेकिन वो नहीं मानते क्योंकि उनको रामजी में प्रेम हो गया है। कथा सुनते है और मानस पढ़ते हैं । मैने कहा कि घरवाले कहते होंगे कि महराज खुद तो कथा कह रहे हैं और हमारे छोरों को ब्याह नहीं करने दे रहे हैं। मैने कहा, जाओ ब्याह करो घर सम्हालो लेकिन वो तैयार नहीं। महराज ने कहा कि गृहस्थी अगर बने और जीवनसाथी अनुकूल मिल जाये तो जीवन सफल हो जाए और अगर जीवनसाथी प्रतिकूल मिल जाये तो भजन वजन सब बेकार हो जाता है।

इस मौके पर श्रीगोपाल गौशाला ट्रस्ट में भी ट्रस्टियों के शामिल होने में तगड़ा उत्साह दिखा। गौशाला ट्रस्ट में राम गोयल, परशुराम अग्रवाल, श्रीकिशन, मधुसुदन सौंथलिया, पुरुषोत्तम भगेरिया, सुभाष ठाकुर, राजबीर गर्ग, शिवकुमार डालमिया शामिल हुए।




## अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमेटी की बैठक आयोजित




**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना की मैरेज डेटा कमेटी की वर्ष 2023-25 के कार्यकाल की 29वीं बैठक समाज के कार्यालय राघव रत्ना टॉवर, चिराग़अली में आयोजित की गई। कमेटी के चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि बैठक में बालक एवं बालिकाओं के क़रीब 15 अभिभावक गण उपस्थित होकर नए बायोडेटा एवं उनके द्वारा दिए गये पहले के बायोडेटा के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। कमेटी द्वारा 2023-25 के इस कार्यकाल में पिछले 8 महीनों में 84 रिश्ते नक्की हुए । समाज की सभी शाखाओं के सदस्यों से आग्रह है कि समाज द्वारा जो निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है उसका पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त करें विशेषकर महिला शाखाओं से आग्रह है वे इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें आपके सहयोग के बिना यह कार्य असंभव है । बैठक पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नियमित समय पर हर रविवार को होगी। सभी अग्रबंधुओं से इस सेवा का लाभ प्राप्त करने हेतु आग्रह है। आगामी बैठक रविवार 5 मई को होगी। रविवार की बैठक के अतिरिक्त चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल के निवास बंजारा हिल्स में भी उनके फ़ोन नंबर 9396222880 से संपर्क कर अन्य दिन भी अग्रबन्धु इस सेवा का लाभ ले सकते हैं। आज की बैठक में चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल, वाइस चेयरमेन सतीश कुमार अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, अशोक दादरीवाला, सुनील मित्तल, फ़िसियोथेरेपी के डॉक्टर बालकृष्ण सुरेका एवं बालक बालिकाओं के अभिभावक गण आदि उपस्थित थे।



गर्मियों के मौसम में तरबूज की विशेष गौ सेवा श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा में गौ सेवा मित्र मंडल द्वारा की गई। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, यश अग्रवाल, अजय, सुनील, अभिषेक, रविंदर, प्रदीप मोर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



बेगम बाजार स्थित राजधानी होटल हैदराबाद में पधारे राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह जी राठौड़ तथा साथ में हैदराबाद लोकसभा प्रत्याशी माधवी लता का सम्मान करते हुए समाजसेवी धर्माराम ढाका, कमल जाजू, भाजपा वरिष्ठ नेता सोहन सिंह राजपुरोहित, रतनलाल शर्मा, रमेश सिरवी एवं अन्य उपस्थित रहे।



माथुर वैश्य इन्टरनेशनल हैदराबाद ग्रेटर क्लब की अध्यक्षा अरुणा गुप्ता ने बताया कि माथुर वैश्य की मासिक बैठक एंव सुन्दरकाण्ड पाठ श्वेता दौनेरिया के घर बशीरबाग में सम्पन्न हुआ। जिसमें सचिव नीलम दौनेरिया, कार्यकारिणी सदस्य सुनीता, शशी, श्वेता कतरौलिया, मीनू,कंचन, नीरु, खुश्बू, भावना, पूनम, शिप्रा, अनिता, अर्चना, प्राची, बविता, आशा पनवरिया, शालिनी, तनिषा एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## फिल्म नगर में एक पब के बाहर विवाद, तीन गिरफ्तार

**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शहर के फिल्म नगर स्थित एक पब के बाहर शनिवार रात दो समूहों के बीच हुई झड़प में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना फिल्म नगर में उस समय हुई जब कुछ लोगों ने इलाके के एक पब में गई एक महिला के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया, जिसके बाद झगड़ा हुआ। जल्द ही दो समूह सड़क पर भिड़ गए, जिसमें कम से कम तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर फिल्म नगर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें खदेड़ा। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पार्श्वचंद्र जी महाराज के जन्मोत्सव पर किया गया छाछ का वितरण



**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 1008 पार्श्वचंद्र जी महाराज साहब के 75वें जन्मदिवस वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को ईस्ट मारेडपली के गणेश मंदिर के पास श्री जयमल जैन स्वाध्याय ध्यान केंद्र नगरत्रय के तत्वावधान मे कार्यक्रम संपन्न हुआ। 1200 से अधिक राहगीरों को शीतल छाछ प्रदान की गई।सोजत निवासी प्रसंनराज सुभाष चन्द्र प्रदीप कुमार कोचर परीवार द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ महामंत्र नवकार एवं चमत्कारी जयजाप के साथ हुआ। इस अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष मानिकचंद समदरीया, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गोलेच्छा, महामंत्री मनोज सुराणा, सहमंत्री शेखर सुराणा, संयोजक अभय कुमार मुथा, दिलीप कोचर, दीपक कोचर, अभय कोठारी, संस्कार, गौतम अलिजार, गौतम कोठारी, राजेंद्र बोहरा, धीरेन्द्र बोहरा, दीलसुखराज दफ्तरी आदि उपस्थित थे। माणिकचंद समदरीया ने धन्यवाद प्रेषित किया।

# आरएसएस हमेशा से आरक्षण के पक्ष में कुछ लोग झूठ फैला रहे : भागवत

**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को को कहा कि संघ ने कभी भी कुछ खास वर्गों को दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध नहीं किया है। शहर के एक शैक्षणिक संस्थान में एक कार्यक्रम में बोलते हुए भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि आरक्षण को तब तक बढ़ाया जाना चाहिए जब तक इसकी जरूरत हो। भागवत ने यह बात भाजपा और कांग्रेस के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे बयानों के बीच कही।

आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि जब मैं हैदराबाद आया तो एक वीडियो



वायरल किया जा रहा था कि आरएसएस आरक्षण के खिलाफ है। हम इस बारे में बाहर बात नहीं कर सकते। अब यह पूरी तरह से झूठ है। संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है। लेकिन कुछ लोग झूठे वीडियो प्रसारित कर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख भागवत ने पिछले साल सितंबर में भी नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद है, भले ही वह दिखता न हो।

# कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी को उनकी ईमानदारी और नैतिकता के लिए दृढ़ता से समर्थन करें : संगीता रेड्डी





**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चेवेल्ला संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी की पत्नी संगीता रेड्डी ने माधापुर में आईटी पेशेवरों, बुद्धिजीवियों, सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों और शिक्षाविदों सहित चेवेल्ला क्षेत्रवासियों की एक बड़ी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का असाधारण नेतृत्व है, जिनकी उपलब्धियां उम्मीदों से कहीं अधिक हैं और किसी भी समकालीन राजनीतिक हस्ती के लिए अद्वितीय हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मोदी की उपलब्धियां न केवल उल्लेखनीय हैं, बल्कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में दूसरों द्वारा दोहराई जाने वाली भी हैं।

उन्होंने कहा कि कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी के समर्थन में चेवेल्ला क्षेत्र की जनता मजबूती के साथ खड़ी है। यह समर्थन उनकी सत्यनिष्ठा, समर्पण, सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड और मेहनती कार्य नैतिकता सहित उनके गुणों की सराहना से उपजा है। इसके अलावा जनता ने विश्वेश्वर रेड्डी की विभिन्न मुद्दों की व्यापक समझ और संसदीय क्षेत्र के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान करने और उन्हें सुलझाने में उनकी निपुणता को पहचाना।उन्होंने कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी की उम्मीदवारी को न केवल अपने निकटतम क्षेत्रों में बल्कि अपने सहयोगियों, पड़ोसियों, दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच भी समर्थन देने का आग्रह किया। श्रीमती रेड्डी ने चेवेल्ला में कुल वोट प्रतिशत बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया और मतदान प्रतिशत को बढ़ाने की अपील की।

# साइबर जालसाजों ने वरिष्ठ नागरिक से की 34 लाख रुपए की ठगी

**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शहर के एक वरिष्ठ नागरिक को साइबर जालसाजों ने 34 लाख रुपए का चूना लगाया। करीब 66 साल के उस व्यक्ति को साइबर जालसाजों का फोन आया, जिन्होंने खुद को मुंबई पुलिस का कर्मी बताया और उसे बताया कि उसका आधार कार्ड कथित तौर पर एक अपराध से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने कहा, हालांकि पीड़ित ने बताया कि वह हैदराबाद में रहता है, फिर भी वे उससे पूछताछ करते रहे और धमकाते रहे।





कुछ मिनट बाद उस व्यक्ति को स्काइप कॉल आया और उस व्यक्ति ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। फर्जी सीबीआई अधिकारी ने पीड़ित से पूछताछ की और बाद में उसे जांच पूरी होने तक घर से बाहर न निकलने के लिए कहा। जालसाज ने उसे आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अभ्यास के रूप में पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा और आश्वासन दिया कि इसे 3 से 4 दिनों के भीतर वापस ट्रांसफर कर दिया जाएगा। उस पर विश्वास करते हुए, पीड़ित ने रुपए ट्रांसफर कर दिए। जालसाज द्वारा दिए गए खाते में 34 लाख रूपए ट्रांसफर करने के बाद जब पैसे की मांग बढ़ने लगी तो उस व्यक्ति को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी की गई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हमने सभी वादे पूरे किए, डीबीटी के तहत 2.70 लाख करोड़ रुपए वितरित किए : जगन



**अनंतपुर (आंध्र प्रदेश), 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि वाईएसआरसीपी सरकार ने अपने 2019 के घोषणापत्र को एक पवित्र पुस्तक मानते हुए इसके सभी वादों को पूरा किया है। श्री रेड्डी ने रविवार को अनंतपुर जिले के ताड़ीपत्री में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से चुनाव के बाद ताड़ीपत्री निर्वाचन क्षेत्र में एक कृषि महाविद्यालय स्थापित करने का वादा किया। उन्होंने कहा, यह चुनाव सांसद और विधायक चुनने के लिए नहीं है, बल्कि उन कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने के लिए है, जो अगले पांच वर्षों में गरीबों का जीवन बदल देंगी। यदि आप वाईएसआरसीपी को वोट देते हैं, तो सभी योजनाएं जारी रहेंगी, लेकिन यदि आप तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) को वोट देते हैं, तो बंद कर दी जाएंगी।

उन्होंने उन योजनाओं का बार-बार वादा करने के लिए तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की आलोचना की, जिन्हें लागू करना असंभव है। उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू अपने झूठ और फर्जी वादों के साथ वापस आ रहे हैं। यह इतिहास में दर्ज किया जाएगा कि आपके बच्चे (जगन मोहन रेड्डी) ने 130 बार डीबीटी बटन दबाया है और 2.70 लाख रुपए से अधिक का भुगतान सीधे लाभार्थियों के खाते में किया है। वाईएसआरसीपी सरकार द्वारा प्रदान की गई नौकरियों के बारे में बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति, पिछड़ा वर्गा (एससी/एसटी/बीसी) और अल्पसंख्यक समुदायों को लाभ पहुंचाते हुए 2.31 लाख से अधिक नौकरियां प्रदान की गई हैं।

उन्होंने कहा कि हर गांव/कस्बे में सरकार ने सचिवालय प्रणाली और स्वयंसेवी प्रणाली की मदद से घर-घर सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने ने राज्य सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों, ग्रामीण क्लीनिकों और स्वास्थ्य सेवाओं की घर-घर आपूर्ति के लिए आरोग्य सुरक्षा और भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी तरीके से लोगों तक वित्तीय सहायता पहुंचाने जैसे क्रांतिकारी उपायों पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, सरकारी विद्यालयों में हमने बुनियादी ढांचे, आईएफपी और स्मार्ट टीवी के साथ डिजिटल कक्षाओं, छात्रों के लिए टैब, मध्याह्न भोजन (गोरुमुद्दा), पाठ्यपुस्तकों के वितरण और पाठ्यक्रम में बदलाव किए हैं। हम अंतरराष्ट्रीय स्तर (आईबी) का पाठ्यक्रम ला रहे हैं, जो पहली कक्षा के लिए शुरू होगा और 2035 तक छात्र प्रमाणन के साथ 10वीं कक्षा पूरी कर लेंगे और अंग्रेजी भाषा में भी पारंगत हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रम जैसे कदमों को भी रेखांकित किया, जो छात्रों को प्रदान किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि चौथे चरण में 13 मई को आंध्र की 25 लोकसभा सीटों और 175 विधानसभा सीटों पर एक साथ चुनाव होंगे।

# सत्ता में आते ही मुसलमानों को मिलेगी एक लाख की हज सहायता : नायडू



आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को वोटिंग होनी है। इस बीच टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने मुस्लिम तीर्थयात्रियों को हज यात्रा के लिए एक लाख रुपए वित्तीय सहायता देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि टीडीपी, बीजेपी और जनसेना मिलकर आंध्र प्रदेश में सरकार बनाएंगे। एनडीए के सत्ता में आते ही मक्का जाने वाले प्रत्येक मुस्लिम को हज सहायता दी जाएगी। नेता प्रतिपक्ष नायडू ने रविवार को नेल्लोर में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व टीडीपी सरकार ने ही प्रदेश के मुस्लिमों के त्योहार रोतियायन की ईद को त्योहार का दर्जा दिया था। उन्होंने कहा कि आज हैदराबाद के मुसलमान अन्य स्थानों के मुसलमानों से बहुत आगे हैं। इसका श्रेय उनकी पार्टी टीडीपी को जाता है। उन्होंने कहा, टीडीपी पहले भी एनडीए का हिस्सा थी। बावजूद इसके पार्टी ने कभी भी मुस्लिम समुदाय के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने कहा, हैदराबाद में उर्दू विश्वविद्यालय की स्थापना और हज हाउस टीडीपी सरकार के समय में ही बने थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी प्रमुख और मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने पिछले पांच सालों में एक भी मस्जिद बनाने का प्रयास नहीं किया है। वहीं, वाईएसआरसीपी सरकार ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) और केंद्र सरकार की अन्य पहलों के लिए बिना शर्त समर्थन दिया है।

# उस्मानिया विश्वविद्यालय के छात्रों ने पानी किल्लत को लेकर किया प्रदर्शन



**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उस्मानिया विश्वविद्यालय के छात्र विश्वविद्यालय परिसर में पानी की कमी के विरोध में सड़कों पर उतर आए और अधिकारियों से स्थिति पर तुरंत ध्यान देने की मांग की। विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्र-छात्राओं, खासकर छात्राओं ने शनिवार की आधी रात से लेकर रविवार की सुबह तक लेडीज हॉस्टल में प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्रशासन पर उनकी दलीलों के बावजूद पिछले कई दिनों से उचित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। लेडीज हॉस्टल के ब्लॉक 1 की एक छात्रा ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि नवंबर में हॉस्टल में नामांकन के बाद से छात्रों को कोई वाटर फिल्टर उपलब्ध नहीं कराया गया है। उसने कहा कि एक महीने से बाथरूम में कोई नल नहीं है। हमें ब्लॉक 3 में बाथरूम या अन्य सुविधाओं का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। एक अन्य छात्र ने कहा कि पानी की आपूर्ति केवल एक घंटे के लिए की जा रही है। उसने कहा कि अधिकारियों ने पानी की कमी के लिए भूजल स्तर में गिरावट का हवाला दिया।

हालांकि, ओयू के कुलपति प्रो. डी रविंदर ने मीडिया को बताया कि विश्वविद्यालय के पास सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त पानी है। उन्होंने जानना चाहा कि क्या सुबह, दोपहर और शाम को नहीं होने वाली पानी की कमी रात में सामने आती है। उन्होंने कहा कि छात्रों के कुछ वर्ग गलत इरादों से इस मुद्दे को खड़ा कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के पास पर्याप्त पानी है और सभी छात्रावासों में टैंकर भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। ओयू वीसी ने छात्रों से इस तरह के विरोध प्रदर्शन में शामिल न होने और प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की।

# आरपीएफ ने हैदराबाद में शनिवार को लापता हुई किशोरी का पता लगाया

**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अपने घर से लापता हुई एक लड़की का पता लगाया और रविवार को उसे उसके माता-पिता को वापस सौंप दिया।

18 साल की लड़की शनिवार सुबह अपना घर छोड़कर चली गई और चाइल्ड हेल्पलाइन से सूचना मिलने पर आरपीएफ की एक टीम उसकी तलाश कर रही थी।

शाम के लड़की सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 10 पर मिली। उसे परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया, जो बाद में महिला को काउंसलिंग के लिए सखी सेंटर सिकंदराबाद ले गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बच्ची का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा था। आरपीएफ सिकंदराबाद ने 2024 में पांच लोगों को बचाया और उन्हें उनके परिवारों से मिलाया। आरपीएफ के एक अधिकारी ने कहा, आरपीएफ समझता है कि परिवार के साथ पुनर्मिलन दिल को गर्मजोशी और आत्मा को शांति से भर देता है।

# मंत्री सुरेखा ने कांग्रेस प्रत्याशी का किया प्रचार



**वारंगल, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वन, पर्यावरण और देवदया धर्मार्थ विभाग की मंत्री कोंडा सुरेखा ने मेडक संसद कांग्रेस उम्मीदवार नीलम मधु के समर्थन में संगारेड्डी जिले में आयोजित विभिन्न अभियान गतिविधियों में भाग लिया। मंत्री सुरेखा ने संगारेड्डी जिले के अमीनपुर मंडल के बिरनगुडा और किश्त-रेड्डी पेटल्स में नुक्कड़ सभाओं और रोड शो कार्यक्रमों के माध्यम से देश के कल्याण और प्रगति के लिए कांग्रेस द्वारा लागू की जाने वाली योजनाओं, कार्यक्रमों के बारे में जनता को बताया।

# निज़ामाबाद में 1.22 करोड़ रुपए नकद और 1.28 करोड़ मूल्य के कीमती सामान जब्त



**निज़ामाबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर राजीव गांधी हनुमंथु ने कहा कि अब तक जिले में पुलिस और उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा 1.22 करोड़ रुपए नकद एवं 1.28 करोड़ रुपए मूल्य का सोना और अन्य कीमती सामान तथा 52,000 लीटर शराब जब्त की गई।कलेक्टर ने बताया कि नकदी, शराब और अन्य सामानों के वितरण पर नज़र रखने के लिए विशेष सतर्कता दल गठित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती महाराष्ट्र से जिले में शराब और अन्य सामानों की अवैध आवाजाही को रोकने के लिए, सीमावर्ती क्षेत्रों में चार स्थानों पर अंतर-राज्य चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है।चुनाव की तैयारी पर टिप्पणी करते हुए कलेक्टर ने कहा कि ईवीएम की पहली रैंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और वोटिंग मशीनों को निर्वाचन क्षेत्र केंद्रों में ले जाया गया है और स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि निज़ामाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र को कुल मतपत्र इकाइयाँ 2257, नियंत्रण इकाइयाँ 2257 और वीवीपैट 2527 प्रदान की गईं। उन्होंने कहा कि कुल मतदान केंद्रों में से 509 केंद्रों की पहचान समस्याग्रस्त मतदान केंद्रों के रूप में की गई है और अतिरिक्त बलों को तैनात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं कि सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। यह कहते हुए कि मतदान कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कक्षाओं का पहला दौर पूरा हो चुका है, हनुमंथु ने कहा कि प्रशिक्षण का दूसरा दौर 1 और 2 मई को आयोजित किया जाएगा।

# वरिष्ठ नेताओं को पार्टी में दी जाएगी प्राथमिकता : रोहित चौधरी

## अन्य दलों से आने वाले नेताओं के कारण कांग्रेस के मौजूदा नेताओं के साथ अन्याय नहीं होगा

**मंचेरियाल, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के राष्ट्रीय सचिव रोहित चौधरी ने कहा कि कोई भी कांग्रेस में शामिल हो सकता है। उन्होंने रविवार को बेल्लमपल्ली में पत्रकारों को संबोधित किया। चौधरी ने जोर देकर कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए विचलन को प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस में अन्य दलों से आने वाले नेताओं के कारण मौजूदा नेताओं के साथ अन्याय नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं और उन लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी जो काफी समय से पार्टी के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।सचिव ने कार्यकर्ताओं को पेद्दापल्ली संसदीय क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार की जीत के लिए मिलकर काम करने की सलाह दी।

उन्होंने भविष्यवाणी की कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को देखते हुए उम्मीदवार जी वामशी आसानी से चुनाव जीत जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल छह गारंटियों के कार्यान्वयन पर पार्टी को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। इस अवसर पर बेल्लमपल्ली नगर पालिका अध्यक्ष जक्कुला श्वेता, कांग्रेस नगर अध्यक्ष मुचर्ला मल्लैया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मट्टामारी सूरीबाबू और कई अन्य उपस्थित रहे।

# भ्रामक विज्ञापनों वाली कई आयुर्वेदिक दवाएं की गईं जब्त

**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** औषधि नियंत्रण प्रशासन तेलंगाना ने भ्रामक विज्ञापन करने वाली कुछ आयुर्वेदिक दवाओं को जब्त कर लिया है। खदिरारिष्ट– ट्यूमर का इलाज करने का दावा किया गया, एकांगवीर रस – पक्षाघात का इलाज करने का दावा किया गया, सिम्हादी गुग्गुलु– गठिया और ट्यूमर का इलाज करने का दावा किया गया है को जब्त कर लिया गया है। अधिकारियों ने गुर्दे की पथरी का इलाज करने का दावा करने वाली आयुर्वेदिक दवा स्टोनिल 24 गोलियां भी जब्त कीं। बुखार का इलाज करने का दावा किया जाने वाला अयूर फला नीम पत्ती पाउडर भी जब्त कर लिया गया।

एजेंसी ने बुखार का इलाज करने का दावा करने वाली एलोपैथिक दवा डिक्लोडन फोर्ट (डिक्लोफेनाक सोडियम और पेरासिटामोल) टैबलेट का पता लगाया और जब्त कर लिया। डीसीए के महानिदेशक वी.बी. कमलासन रेड्डी ने कहा कि इस तरह के दावे ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 का उल्लंघन हैं। ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 कुछ लोगों के इलाज के लिए कुछ दवाओं के विज्ञापन पर रोक लगाता है। कोई भी व्यक्ति औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के तहत संकेतित बीमारियों/विकारों से संबंधित विज्ञापनों के प्रकाशन में भाग नहीं लेगा।



ये बरामदगी खम्मम, बाचुपल्ली, तूप्रान, सिकंदराबाद और निज़ामाबाद में की गई। ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के तहत ट्यूमर, लकवा, किडनी स्टोन्स, बुखार और गठिया के इलाज के लिए एक दवा का विज्ञापन करना प्रतिबंधित है। जो व्यक्ति कुछ बीमारियों और विकारों के इलाज के लिए दवाओं के संबंध में भ्रामक विज्ञापन करते हैं, वे औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के पेज 4 के तहत दंडनीय हैं, जिसमें छह महीने तक की कैद या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। डीसीए ने बिना लाइसेंस वाले चिकित्सकों, जिन्हें आमतौर पर झोलाछाप डॉक्टरों के नाम से जाना जाता है, द्वारा संचालित क्लीनिकों पर भी छापे मारे और अवैध रूप से स्टॉक की गई दवाओं को जब्त कर लिया। छापेमारी मेडचल–मलकजगिरी, विकाराबाद और रंगारेड्डी जिलों में की गई।

बिना ड्रग लाइसेंस के बिक्री के लिए स्टॉक की गई दवाएं काफी मात्रा में पाई गईं। डीसीए अधिकारियों ने छापे के दौरान क्लीनिकों में कई उच्च पीढ़ी के एंटीबायोटिक्स पाए। अयोग्य व्यक्तियों द्वारा एंटीबायोटिक दवाओं की अंधाधुंध बिक्री से ग्रामीण जनता के स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं, जिसमें रोगाणुरोधी प्रतिरोध का उद्भव भी शामिल है। अधिकारियों को झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक में स्टेरॉयड मिले। स्टेरॉयड के दुरुपयोग से स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिनमें प्रतिरक्षा प्रणाली का दमन, हार्मोनल असंतुलन, मांसपेशियों और हड्डियों की कमजोरी, हृदय संबंधी समस्याएं और मनोवैज्ञानिक प्रभाव शामिल हैं। स्टेरॉयड का अंधाधुंध उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करता है। डीसीए अधिकारियों ने विशेष छापेमारी के दौरान 71,300 रुपए मूल्य का स्टॉक जब्त किया। निदेशक ने कहा कि थोक विक्रेता/डीलर जो ऐसे अयोग्य व्यक्तियों को दवाएं आपूर्ति करते हैं, जो बिना दवा लाइसेंस के दवाओं का भंडारण और बिक्री कर रहे हैं, वे भी ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत दंडनीय हैं और ऐसे थोक विक्रेताओं/डीलर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाताओं तक पहुंच बनाने को एआईएमआईएम लेकर आई तेलुगु गाना

**हैदराबाद, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र में तेलुगु भाषी मतदाताओं तक पहुंचने के लिए ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) तेलुगु में एक गाना लेकर आई है। आकर्षक गीत और संगीत वाला छह मिनट का यह गाना एआईएमआईएम और उसके सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालता है, जो लगातार पांचवीं बार फिर से चुनाव मैदान में हैं। पार्टी ने रविवार को संगीत वीडियो जारी किया, जिसमें ओवेसी के अपने निर्वाचन क्षेत्र के दौरे, विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ बैठकों और सार्वजनिक उपस्थिति में उनके कुछ दुर्लभ इशारों जैसे पतंग उड़ाने का नाटक करना शामिल है, जो एआईएमआईएम का चुनाव प्रतीक है। गाने में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे ओवैसी अपने धर्म और जाति के बावजूद लोगों की सेवा कर रहे हैं।



पुराने शहर में मंदिर प्रबंधन समितियों के सदस्यों सहित हिंदुओं के उनके दौरे के दौरान शॉल के साथ उनका स्वागत करते हुए और गैर–मुस्लिम पुरुषों और महिलाओं के पार्टी मुख्यालय दारुस्सलाम में उनसे अपनी समस्याओं के साथ मिलने के दृश्य हैं। गाने के बोल इस बारे में हैं कि कैसे सांसद संसद और बाहर आम आदमी के मुद्दों के लिए लड़ते रहे हैं। यह दूसरी बार है जब एआईएमआईएम अपने अभियान के तहत एक तेलुगु गाना लेकर आई है। पिछले साल नवंबर में, पार्टी ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के दौरान तेलुगु भाषी मतदाताओं तक पहुंचने के लिए एक तेलुगु गीत जारी किया था।

एआईएमआईएम 1984 के बाद से हैदराबाद से कभी चुनाव नहीं हारी है, जब असदुद्दीन औवेसी के पिता सुल्तान सलाहुद्दीन औवेसी पहली बार चुने गए थे।

असदुद्दीन औवेसी ने 2004 में लोकसभा में पदार्पण किया जब उनके पिता ने खराब स्वास्थ्य के कारण चुनाव नहीं लड़ा। इस बार एआईएमआईएम प्रमुख का सीधा मुकाबला बीजेपी की के.माधवी लता से होने की संभावना है। बीआरएस ने गद्दाम श्रीनिवास यादव को मैदान में उतारा है जबकि कांग्रेस ने अपने हैदराबाद जिला अध्यक्ष समीर वलीउल्लाह को अपना उम्मीदवार बनाया है। तेलंगाना की सभी 17 लोकसभा सीटों पर 13 मई को चुनाव होने हैं।

# बिना किसी व्यवधान के की जाए सुचारू पेयजलापूर्ति : अश्विनी



**वारंगल, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बाल्दिया आयुक्त अश्विनी तानाजी वाकाडे ने इंजीनियरिंग अधिकारियों को जल आपूर्ति में किसी भी तरह के व्यवधान के कार्वाई करने का निर्देश दिया।

आयुक्त अश्विनी तानाजी वाखेड़े ने रविवार को वारंगल अंडर रेलवे जोन क्षेत्र में धर्मसागर 60 एमएलडी के माध्यम से पानी की आपूर्ति में हालिया व्यवधान की पृष्ठभूमि में रविवार को बैठक की। आयुक्त ने बाल्दिया इंजीनियरिंग और सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ रामपुर, भाटुपल्ली से धर्मसागर तक के रेलवे क्षेत्रों में पाइपलाइन, फ्लो मीटर और एयर वाल्व का निरीक्षण किया, जहां आवश्यक हो मरम्मत की, नए फ्लो मीटर लगाए, दोषों को ठीक किया और रामपुर में पानी की आपूर्ति बहाल की। गर्मियों को देखते हुए अधिकारियों को सतर्क रहने और जीडब्ल्यू एमसी के सभी डिवीजनों में पानी की आपूर्ति में व्यवधान को रोकने के लिए युद्ध स्तर पर रिसाव को रोकने के उपाय करने की सलाह दी गई है। इस अवसर पर आयुक्त ने धर्मसागर फिल्टर बेड का निरीक्षण कर प्रबंधन शैली को परखा। इस कार्यक्रम में एसई प्रवीण चंद्रा, ईई राजैया, पब्लिक हेल्थ ईई राजकुमार, डीई संतोष बाबू व अन्य शामिल हुए।

# हार के डर से कांग्रेस उठा रही आरक्षण का मुद्दा : बंडी संजय



**वारंगल, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाजपा नेता बंडी संजय ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस हार के डर से आरक्षण का मुद्दा उठा रही है। उन्होंने इस बात पर गुस्सा जताया कि कांग्रेस संसदीय चुनाव में फायदा पाने के मकसद से गंदी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी एक धर्म तक सीमित नहीं है और सभी धर्मों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों को कितना भी भड़काने की कोशिश कर लें, लेकिन वह भाजपा की जीत को नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में 12 से ज्यादा सीटें जीतेगी और केंद्र में 400 का आंकड़ा छूएगी। बंडी ने कहा कि कांग्रेस को देशभर में 50 से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना में भी कांग्रेस की कई सीटों पर जमानत जब्त होने वाली है। बीआरएस पर डूबा हुआ जहाज कहकर व्यंग्य किया। उन्होंने कहा कि पार्टी किसी को चुनाव लड़ाने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने संदेह जताया कि चुनाव के बाद बीआरएस के लिए सामने आना मुश्किल होगा।






# इंटर परीक्षा में प्रथम स्थान पाने पर अंकिता को विधायक ने किया सम्मानित

**तानूर, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंडल के उमरी के ग्राम निवासी अंकिता ने इंटर वार्षिक परीक्षा परिणाम में इस वर्ष 1000 अंकों में से 993 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कदम दत्ताहरि पटेल की पुत्री कुमारी कदम अंकिता को मुधोल विधायक रामाराव पटेल ने अपने निवास भैंसा आमंत्रित कर शाल पुष्पगुछ से सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि तानूर मंडल के छोटे से गांव उमरी ग्राम निवासी छात्र अंकिता ने इंटर बोर्ड परीक्षा में 1000 अंको मे से 993 अंक हासिल कर तेलंगाना क्षेत्र मे अव्वल दर्जा हासिल कर तानूर मंडल का नाम रोशन किया है। अंकिता की इस उपलब्धि पर तानूर मंडल वासी काफी खुश होकर कुमारी अंकिता को बधाई दे रहे है और विधायक पवार रामाराव पटेल ने बोधन के उशोदय कॉलेज प्रबंधन और अध्यापक गण वह छात्र के माता–पिता को बधाई दी। साथ ही अंकिता को इसी तरह पढ़ाई मे रूचि दिखाते हुए अपने विधार्थी जीवन मे ऊँचा दर्जा हासिल कर माता पिता का नाम रोशन करने हेतु भगवान से प्रार्थना क़ी।



# अरशद हुसैन ने संभाला सहकारी समिति के अध्यक्ष का कार्यभार



**कागजनगर, 28 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बेज्जूर मंडल के अरशद हुसैन ने रविवार को मंडल कृषि सहकारी समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। चेयरमैन अरशद हुसैन ने कहा कि कुछ नेताओं ने अधिकारियों से मिलकर मुझे चेयरमैन पद से हटा दिया है। इस कार्यक्रम में सीईओ संजीव कुमार, निदेशक पूर्दम श्रीहरि, लीडर्स इंगिरि राजाराम, खाजा मिया, बोलाबोइना शेखर, अभिद, डुप्टे शिवराम, बोरकुट तिरूपति और अन्य ने भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.